◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

CHHATTISGARH | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 17 नवम्बर 2026

राजनीति

बारदा में कांग्रेस की जन चौपाल, ‘वोट बचाओ-देश बचाओ’ अभियान के तहत ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग



पखांजूर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी ‘वोट बचाओ-देश बचाओ’ अभियान के तहत कापसी मंडल के बारदा सेक्टर में बारदा बाजार में जन चौपाल आयोजित की गई। इस सभा का उद्देश्य लोकतंत्र की मजबूती, निष्पक्ष चुनाव और मतदाता अधिकारों की रक्षा के लिए जनता को जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने “वोट बचाओ-देश बचाओ” व “ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो” के नारे लगाए। नारेबाजी के दौरान उपस्थित ग्रामीणजन को मतदाता अधिकारों के महत्व के बारे में बताया गया और भाजपा सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंद्रजीत बिस्वास ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। अंतागढ़ के छाया विधायक रूपसिंह पोटाई ने भी ज्ञानेश कुमार को भाजपा का एजेंट करार दिया और उनका इस्तीफा माँगा। एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधायक राजेश राठौर ने भाजपा सरकार की महंगाई नियंत्रण और रोजगार सृजन में विफलता की ओर इशारा किया तथा 2028 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत वाली सरकार का दावा किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिनमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत यादव, पीसीसी उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम तथा कई अन्य शामिल थे। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने लोकतंत्र की रक्षा और मतदाता अधिकारों की सुरक्षा के लिए एकजुटता दिखाई।

कांग्रेस ने कहा कि मतदाता की आवाज ही लोकतंत्र की असली ताकत है और ‘वोट बचाओ-देश बचाओ’ अभियान के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर मतदाता जागरूकता फैलाना आवश्यक है।,,,

— Laxman singh दर्रो

स्थानीय

जरहाभाठा बिलासपुर चौक में लंबा जाम, यात्रियों को हुई असुविधा



जरहाभाठा मंदिर चौक पर आज लंबा ट्रैफ़िक जाम बना, जिससे इस क्षेत्र के यात्रियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ा।

जाम के कारण कई वाहन आगे नहीं बढ़ पाए और यात्रियों को देर से अपने गंतव्य तक पहुँचना पड़ा। स्थानीय जनता ने इस स्थिति को लेकर निराशा व्यक्त की।

प्राधिकरण ने स्थिति को शीघ्र सुधारने के लिए उपायों की घोषणा की, परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी। यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी गई।

इस प्रकार के ट्रैफ़िक जाम से भविष्य में बेहतर यातायात प्रबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय में फीस के नाम पर छात्रों के साथ कथित पक्षपात!



डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय में फीस के नाम पर छात्रों के साथ कथित पक्षपात!

₹80 हजार तक बकाया वाले छात्रों को पढ़ाई का अवसर, ₹7 से ₹10 हजार बकाया छात्रों को रोकने का आरोप — ग्रामीण एवं सामान्य परिवारों के छात्रों ने उठाए गंभीर सवाल

बिलासपुर। डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय, बिलासपुर में फीस बकाया होने के नाम पर विद्यार्थियों के साथ कथित रूप से अलग-अलग मापदंड अपनाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। छात्रों का आरोप है कि महाविद्यालय में ₹80,000 तक फीस बकाया होने के बावजूद कुछ विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने का अवसर दिया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर मात्र ₹7,000 से ₹10,000 तक फीस बकाया होने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई से वंचित करने की बात कही जा रही है।

छात्रों के अनुसार, जिन विद्यार्थियों को फीस बकाया होने के बावजूद पढ़ाई का अवसर दिया जा रहा है, उनमें महाविद्यालय की प्रशासन समिति एवं कुछ प्रोफेसरों के रिश्तेदार अथवा करीबी बताए जाने वाले विद्यार्थी भी शामिल हैं। वहीं जिन छात्रों को पढ़ाई से रोके जाने की बात सामने आ रही है, उनमें ग्रामीण क्षेत्रों तथा सामान्य एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले विद्यार्थी शामिल हैं।

प्रभावित बताए जा रहे छात्रों में शुभम जायसवाल, डेविड साहू, संजय साहू, लखेश्वर उइके, राजा बिरको और फागराम सहित अनेक छात्र शामिल हैं। इन छात्रों का कहना है कि फीस की मामूली राशि बकाया होने के कारण उनकी पढ़ाई रोकने की बात कही जा रही है, जबकि उनसे कहीं अधिक फीस बकाया वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई का अवसर मिल रहा है।

छात्रों के अनुसार, इस संबंध में जब वह सभी विद्यार्थी प्राचार्य सुषमा तिवारी मैडम से इस संबंध में बात करने पहुंचे तो सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने गोल मोल जवाब देकर विद्यार्थियों को भ्रमित करने का प्रयास किया परंतु विद्यार्थी अपनी बात स्पष्टता से रखते हुए उनसे स्पष्ट जवाब मांग रहे थे जिस पर प्राचार्य सुषमा तिवारी महोदय अपने रवैये के अनुसार, प्राचार्य कक्ष छोड़कर चली गई और यह कहते हुए गई कि *मुझे इन सब से कोई मतलब नहीं है तुम लोग पढ़ो या नहीं, मुझे जो सुभाष मिश्रा जी के द्वारा बोला जाता है मैं वही करूंगी* कह कर प्राचार्य अपने प्रचार कक्ष से चली गई ।

यह भी बताया गया कि प्रशासन समिति के सदस्य सुभाष मिश्रा के निर्देश पर फीस जमा किए बिना पढ़ाई का अवसर नहीं दिया जाएगा। छात्रों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वास्तव में किस आधार पर अलग-अलग विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग मापदंड अपनाए जा रहे हैं।

सवाल फीस का नहीं, समानता और शिक्षा के अवसर का है

छात्रों का कहना है कि वे फीस जमा करने से बचना नहीं चाहते। उनकी मांग केवल इतनी है कि यदि फीस का कोई नियम है तो वह सभी विद्यार्थियों पर समान रूप से लागू होना चाहिए।

जब किसी विद्यार्थी की ₹80,000 तक फीस बकाया होने के बावजूद उसे पढ़ाई जारी रखने की अनुमति मिल सकती है, तो ₹7,000 से ₹10,000 बकाया राशि वाले छात्र को पढ़ाई से रोकने का आधार क्या है?

क्या महाविद्यालय में नियम विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति, पारिवारिक पहचान या किसी प्रभावशाली व्यक्ति से संबंध के आधार पर अलग-अलग होंगे?

गांव से आया छात्र किसी से कम नहीं

दूर-दराज के गांवों से विद्यार्थी बड़ी उम्मीद लेकर कानून की पढ़ाई करने बिलासपुर आते हैं। उनके परिवार अपनी सीमित आर्थिक क्षमता के बावजूद बच्चों को पढ़ाने का प्रयास करते हैं। ऐसे विद्यार्थियों की कुछ हजार रुपये की फीस बकाया होने के कारण पढ़ाई रोकना उनके शैक्षणिक भविष्य और परिवार की उम्मीदों पर सीधा प्रहार हो सकता है।

किसी विद्यार्थी का गरीब परिवार से होना उसकी गलती नहीं है। गांव से आना उसकी कमजोरी नहीं है और किसी प्रभावशाली व्यक्ति से संबंध न होना उसके शिक्षा के अधिकार को कम नहीं करता।

विधि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को संविधान, कानून, समानता और न्याय की शिक्षा दी जाती है। ऐसे में छात्रों का कहना है कि महाविद्यालय की व्यवस्था में भी समानता और पारदर्शिता दिखाई देनी चाहिए।

मीडिया के सवालों पर प्राचार्य द्वारा जवाब देने से इनकार

मामले को लेकर जब मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुषमा तिवारी से छात्रों की फीस और कथित भेदभाव के संबंध में सवाल किया गया, तो छात्रों एवं उपस्थित लोगों के अनुसार प्राचार्य ने कहा कि “मैं मीडिया को पसंद नहीं करती, मुझे कोई जवाब नहीं देना है।” इसके बाद वह वहां से उठकर चली गईं।

यदि महाविद्यालय में फीस को लेकर कोई स्पष्ट एवं समान नियम लागू है, तो छात्रों का कहना है कि प्रशासन को मीडिया एवं विद्यार्थियों के सामने उसका स्पष्ट आधार रखने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

सवालों से बचना समस्या का समाधान नहीं है। विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े सवालों का जवाब देना महाविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है।

छात्रों की प्रमुख मांगें

छात्रों ने संबंधित विश्वविद्यालय एवं उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा—

1. फीस बकाया वाले सभी विद्यार्थियों के साथ अपनाए गए मापदंड की जांच की जाए।

2. ₹80,000 तक फीस बकाया वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई की अनुमति और ₹7,000 से ₹10,000 बकाया वाले विद्यार्थियों को रोकने के आधार को स्पष्ट किया जाए।

3. प्रशासन समिति एवं संबंधित प्रोफेसरों के रिश्तेदार/करीबी बताए जा रहे विद्यार्थियों को दी गई सुविधाओं की भी निष्पक्ष जांच हो।

4. सुभाष मिश्रा द्वारा कथित रूप से दिए गए निर्देशों की वास्तविकता की जांच की जाए।

5. किसी भी विद्यार्थी को आर्थिक कठिनाई या मामूली फीस बकाया होने के कारण उसका शैक्षणिक वर्ष खराब करने की स्थिति में न डाला जाए।

6. फीस संबंधी नियम सभी विद्यार्थियों पर समान रूप से लागू किए जाएं।

7. विद्यार्थियों को लिखित रूप से बताया जाए कि फीस बकाया होने पर पढ़ाई से रोकने का कौन-सा नियम लागू किया जा रहा है।

छात्रों का कहना है कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि समानता, पारदर्शिता और शिक्षा के समान अवसर के लिए है।

जिस संस्थान में कानून और न्याय की शिक्षा दी जाती है, वहां किसी छात्र को उसकी आर्थिक स्थिति, गांव, परिवार या पहुंच के आधार पर कमतर नहीं समझा जाना चाहिए।

कुछ हजार रुपये की फीस किसी छात्र की मजबूरी हो सकती है, लेकिन उसकी पढ़ाई रोक देना उसके पूरे भविष्य की कीमत बन सकता है।

छात्रों की स्पष्ट मांग —

“न किसी के लिए विशेष सुविधा, न किसी के साथ भेदभाव; सभी विद्यार्थियों के लिए समान नियम और पढ़ाई का समान अवसर।”

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

साथ भेदभाव; सभी विद्यार्थियों के लिए समान नियम और पढ़ाई का समान अवसर।”

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

अपराध

जैतहरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ग्राम चोलना में अवैध शराब के ठिकाने पर दबिश, भारी मात्रा में शराब जब्त



जैतहरी पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने ग्राम चोलना स्थित अवैध शराब के एक ठिकाने पर अचानक दबिश दी, जिससे शराब तस्करों में हड़कंप मच गया।

इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब की आपूर्ति नेटवर्क को गहरा झटका लगा है।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जब्त की गई शराब को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

— Brijesh Kumar Lodhi

स्थानीय

भानुप्रतापपुर में आदिवासी कन्या आश्रम में भोजन व सुरक्षा की अनियमितताओं की जांच



भानुप्रतापपुर में स्थित आदिवासी कन्या आश्रम बांसला में व्यवस्थाओं को लेकर शिकायतों के बाद 15 नवंबर को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी ने आश्रम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बच्चों ने बताया कि आश्रम में निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। रविवार को खीर-पूड़ी देना तय था, परन्तु बच्चों को केवल दाल-भात परोसा गया।


इसके अतिरिक्त बच्चों ने यह भी सूचित किया कि आश्रम की अधीक्षिका और सुरक्षा गार्ड रात में आश्रम में नहीं रुकते हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी प्रश्न उठे। निरीक्षण के समय दोनों की अनुपस्थिति स्पष्ट हुई।

इन अनियमितताओं के प्रकाश में जिला पंचायत ने आश्रम प्रबंधन को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया और भविष्य में नियमित निरीक्षण की संभावना जताई।

— Laxman singh दर्रो

कृषि

छत्तीसगढ़: कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी का शुभारंभ, भानुप्रतापपुर में भाजपा मंडल ने किया केंद्र का निरीक्षण



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को बड़ी राहत देने की घोषणा के पश्चात, आज 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जन्म जयंती के पावन अवसर पर पूरे प्रदेश में धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ हुआ।

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर की टीम पहुंची। मंडल अध्यक्ष श्री डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री श्री राजीव श्रीवास एवं मंडल महामंत्री श्री गिरधारी नरेटी के नेतृत्व में टीम ने उपस्थित किसानों से मुलाकात की और धान खरीदी की व्यवस्थाओं एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान टीम ने खरीदी केंद्र के प्रबंधक, खरीदी प्रभारी, बोरा प्रभारी सहित कार्य में संलग्न अन्य कर्मचारियों से भी भेंट कर व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की।

आज धान खरीदी केंद्र में कुल पांच किसानों के टोकन शामिल थे, जिनमें से चार किसानों ने सफलतापूर्वक अपना धान विक्रय किया। किसानों ने शासन की इस नई पहल और धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

कृषक उन्नति योजना के माध्यम से मिल रही आर्थिक सहायता को लेकर किसानों के चेहरों पर उत्साह और संतोष देखा गया। किसानों की समृद्धि, खुशहाली और आर्थिक सशक्तिकरण के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ सरकार निरंतर किसान हित में कार्य कर रही है।

— Laxman singh दर्रो

स्वास्थ्य

छात्राओं की सुरक्षा को लेकर एक्शन में कांकेर पुलिस, कन्या छात्रावासों में पहुंचकर जाना हाल



कांकेर। छात्राओं की सुरक्षा और समस्याओं को लेकर कांकेर पुलिस ने सराहनीय पहल की है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में लोहत्तर पुलिस टीम ने आदिवासी कन्या आश्रम लोहत्तर एवं प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास जाड़ेकुर्से का निरीक्षण किया।

इस दौरान थाना प्रभारी ऋषभ बाजपेयी एवं पुलिस टीम ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली। साथ ही छात्रावास अधीक्षकों एवं कर्मचारियों को बच्चों के साथ संवेदनशील और सकारात्मक व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं को प्रेमपूर्वक समझने के निर्देश दिए।


पुलिस टीम ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के बुनियादी उपायों और आपातकालीन स्थिति में पुलिस से सहायता लेने के संबंध में जागरूक किया। साथ ही किसी भी परेशानी या असुरक्षा की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

कांकेर पुलिस की इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ पुलिस और बच्चों के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत करना है।

— Devendra Kumar पोया

स्थानीय

कांकेर पुलिस ने कन्या छात्रावासों का निरीक्षण कर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाई



कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन और एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में लोहत्तर थाना प्रभारी ऋषभ बाजपेयी तथा पुलिस टीम ने आदिवासी कन्या आश्रम लोहत्तर और प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास जाड़ेकुर्से का भ्रमण कर छात्राओं से संवाद किया।

कर्मचारियों को बच्चों के प्रति संवेदनशील और सकारात्मक व्यवहार रखने तथा उनकी समस्याओं को डांट-फटकार के बजाय प्रेमपूर्वक एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से समझने के निर्देश दिए।

छात्राओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के बुनियादी उपाय और आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस से सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गई।

पुलिस ने छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी या असुरक्षा महसूस होने पर बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

कांकेर पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बच्चों एवं बालिकाओं की सुरक्षा, जागरूकता और पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

— Laxman singh दर्रो

अपराध

गौठान से चोरी हुई 4 मोटर मशीनें कबाड़ी दुकान में मिलीं, खरीदने वाला संचालक गिरफ्तार



कांकेर। ग्राम बेवरती स्थित गौठान शेड से चोरी हुई चार मोटर मशीनों के मामले में कांकेर पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दुकान संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, प्रार्थी विष्णु राम नेताम की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 324/2026 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में चोरी की मोटर मशीनें अन्नपूर्णापारा कांकेर स्थित कबाड़ी दुकान संचालक भविष्य सोनी द्वारा खरीदने की जानकारी सामने आई।

इसके बाद पुलिस ने 21 वर्षीय भविष्य सोनी, पिता चेतन सोनी, निवासी अन्नपूर्णापारा कांकेर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की चार मोटर मशीनें बरामद कीं, जिनकी अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये बताई गई है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी हरिश पाटिल के पर्यवेक्षण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने की।

कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी एवं प्रधान आरक्षक कौशल साहू शामिल रहे।

— Devendra Kumar पोया

स्थानीय

छठ घाट मोपका पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह राजपूत ने किया सूर्य देव को अर्घ्य



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित छठ घाट मोपका पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने छठ महापर्व के पावन अवसर पर सूर्य देव को अर्घ्य दिया। इस दौरान उन्होंने सूर्य देव की उपासना करते हुए बिलासपुर एवं समस्त छत्तीसगढ़ वासियों के सकुशल रहने और प्रदेश के सर्वांगीण विकास की मंगल कामना की।

इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान संजय सिंह राजपूत ने केवल एक राजनेता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक स्वयंसेवक की भूमिका निभाते हुए घाट पर विभिन्न कार्यों में सहयोग किया। उन्होंने छठ घाट पर व्यवस्था बनाए रखने और सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। सिंह, विजय ओझा, अर्जुन सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, रवींद्र सिंह, मुना सिंह, सूरज निषाद, राजकुमार निषाद और कुंज निषाद सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्व की गरिमा के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की।

— शत्रुघन चौधरी, बिलासपुर

मोपका छठ घाट पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह राजपूत ने भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की



मोपका छठ घाट पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह राजपूत ने भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

लोकेशन – बिलासपुर, छत्तीसगढ़।

संवाददाता – रवि तिवारी।

बिलासपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर मोपका स्थित छठ घाट पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने श्रद्धा और भक्ति के साथ उषा अर्घ्य देकर भगवान सूर्य देव की आराधना की। इस अवसर पर उन्होंने बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के नागरिकों के सुख, शांति, समृद्धि, सकुशल जीवन और प्रदेश के निरंतर विकास की कामना की।

छठ महापर्व के दौरान संजय सिंह राजपूत ने केवल पूजा-अर्चना ही नहीं की, बल्कि छठ घाट पर स्वयंसेवक के रूप में सेवा कार्य करते हुए श्रद्धालुओं की मदद भी की। उनके इस सेवा भाव की उपस्थित लोगों ने सराहना की।

इस अवसर पर उनके साथ एसके सिंह, विनोद सिंह, विजय ओझा, अर्जुन सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, रवींद्र सिंह, मुना सिंह, सूरज निषाद, राजकुमार निषाद, कुंज निषाद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

सभी ने मिलकर छठ महापर्व को श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के साथ मनाया। यह पर्व हमें आस्था, अनुशासन, सेवा, समर्पण और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है।

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

राजनीति

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बिरसा मुंडा के जीवन अधिकार, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा को प्रेरणा बताया



मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सार्वजनिक मंच पर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन अधिकार, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा करना आज के समाज के लिये एक महत्वपूर्ण प्रेरणा स्रोत है।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बिरसा मुंडा की शिक्षाएँ और संघर्ष आज भी सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक संरक्षण के लिये मार्गदर्शक हैं।

मंत्री ने सभी नागरिकों और प्रशासनिक संस्थाओं से आग्रह किया कि वे इस प्रेरणा को अपनाते हुए जीवन अधिकार, सांस्कृतिक विरासत और स्वाभिमान की रक्षा के लिये ठोस कदम उठाएँ।

— Vijay singh

बलरामपुर: कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन



बलरामपुर जिले में आज जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के ग्राउंड में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए।


इस अवसर पर जनजातीय संस्कृति और विरासत को सम्मान देने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास और उनके योगदान को रेखांकित करना था।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में स्थानीय प्रशासन और समुदाय की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिससे यह आयोजन सफल रहा।

— Vijay singh

स्थानीय

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 20 नवंबर को 116 पदों पर रोजगार मेला आयोजित



"ROJGAR MELA" GAURELA - PENDRA - MARWAHI
Date : 20.11.2026 (Friday) TIME : 10:00 AM TO 4:00 PM
PLACE : JOINT DISTRICT OFFICE CAMPUS TIKARKALA - GAURELA
DISTRICT EMPLOYMENT & SELF EMPLOYMENT GUIDANCE CENTRE - GPM

S.No	Employer Name & Add	Designation	Educational Qualification	Salary (Rs per month)	Participants	Age Limit	Experience And Other Eligibility Criteria	No Of Vacancies	Place Of Posting
1	LIC OF INDIA Above Axis Bank Ltd.n Kothan, Near Railway Station Pendra Road, Distt- GPM	Sales Advisor	10th Pass	10000/- +Commission	Female	18-35 Year	Fresher	15	Gaurela, Pendra, Marwahi
		Insurance Advisor	10th Pass	10000/- +Commission	Male	18-35 Year	Fresher	15	
2	Career Zone Education Society, ITI Complex Maharana Pratap Chowk Jobspur	Electrician Instructor	ITI Electrician +2ITSM TOT	12000-15000/-	Males/ Female	21 to 45Year	Both	2	Kanker (C.G.)
		COPA Instructor	ITI COPA +2ITS	12000-15000/-	Males/ Female	21 to 45Year	Both	2	
		Fitter Instructor	ITI Fitter + 2ITS	12000-15000/-	Males/ Female	21 to 45Year	Both	2	
3	Swaasarya Microfin Pvt. Ltd. Behind of Pendri Hospital Saraipalli	Field Officer	10th Pass, 12th Pass	18,000-22,200/- EPF, Incentive, Bonding, Medical	Male/Female	18-30 Year	Both	30	Gaurela, Marwahi, Kota, Pathlib CG
4	Shivanshu Tribal Pvt. Ltd., Devendra Nagar Bhanpuri Basti, Raipur	Electric Meter Technician	10th Pass, 12th Pass, Graduate, ITI/NTC/NCVT	15215/- 18000/- EPF, Medical,Travel	Male	18-35 Year	0-3 Year	30	Pendra, Sirsi, Gaurela, Marwahi, Baloonpur, Kota
							Total	116	

20 नवंबर को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 116 पदों पर भर्ती के लिए रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक केंद्र के कार्यालय परिसर में होगा।

चार निजी संस्थान भर्ती करेंगे: भारतीय जीवन बीमा निगम (पेंड्रा रोड) द्वारा बीमा सखी और इंश्योरेंस एडवाइजर के 25-25 पद, कैरियर जोन एजुकेशन सोसायटी (महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर) द्वारा इलेक्ट्रिशियन इंस्ट्रक्टर, कोपा इंस्ट्रक्टर एवं फिटर इंस्ट्रक्टर के 2-2 पद, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड (गौरेला) द्वारा फील्ड ऑफिसर के 30 पद, और श्रमिन टेलेंट प्राइवेट लिमिटेड (रायपुर) द्वारा इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन के 30 पद।

10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं स्नातक उत्तीर्ण सहित निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्हें अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की फोटोकॉपी के साथ निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होना आवश्यक है।

अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही या श्री तीर्थराम मरकाम (9754094200), श्री सुरेश बेहरा (7389504991) तथा श्री निर्मल कांछी (9926354144) से संपर्क किया जा सकता है।

— देवान सिंह मराबी

स्थानीय

दानीकुंडी में जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम



17 नवंबर, 2026 को दानीकुंडी के क्रिकेट मैदान में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारम्भ हुआ और इसका उद्देश्य जनजातीय समुदाय के विकास और गौरव को मान्यता देना था।

क्षेत्र के विधायक एवं मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री प्रणव कुमार मरपच्ची उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, कोटा विधायक श्री अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती समीरा पैकरा, जनपद पंचायत मरवाही की अध्यक्ष श्रीमती जानकी खुसरो, जनपद पंचायत गौरेला के अध्यक्ष श्री शिवनाथ बघेल, जनपद पंचायत पेंड्रा की अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर अजीत श्याम, नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष श्री मुकेश दुबे, नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष श्री राकेश जालान तथा नगर पंचायत मरवाही की अध्यक्ष श्रीमती मधु बाबा गुप्ता भी अतिथि के रूप में आमंत्रित थे।

दिवस पर जिले के सभी जिला पंचायत सदस्यों, जनपद पंचायत सदस्यों एवं सरपंचों सहित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित रही। जिला प्रशासन एवं आदिवासी विकास विभाग ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

इस कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय समुदाय के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए जागरूकता और समर्थन जुटाने का प्रयास किया गया, और सभी उपस्थित लोगों को इस पहल में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

— देवान सिंह मराबी

देश

मतदाता सूची पर 100%शुद्धता पर जोर



जनकपुर मंडल में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' जनचौपाल संपन्न, मतदाता सूची की शुद्धता पर दिया जोर

जनकपुर / मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और वैध मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस के अखिल भारतीय अभियान "वोट बचाओ, देश बचाओ" के तहत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के भरतपुर विकासखंड के ग्राम नौडिया जनकपुर मंडल में मंडल स्तरीय जनचौपाल एवं बैठक का आयोजन किया गया।

जनकपुर मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस बैठक में पार्टी नेताओं ने मतदाता सूची की निगरानी को लेकर कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

जनकपुर मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस बैठक में पार्टी नेताओं ने मतदाता सूची की निगरानी को लेकर कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

ये रहे विशेष रूप से उपस्थित


बैठक में प्रमुख रूप से *मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, मंडल सचिव दसरथ यादव, मंडल सहसचिव लालचंद अहिरवार, बूथ कमेटी के अध्यक्ष सुवंशलाल जायसवाल, संजय बैगा, जयपाल यादव, पुष्पराज सिंह, शिवप्रसाद बैगा मुकद्दम, द्वारिका अहिरवार, दल्ला बैगा, दिलीप सिंह, बिल्लू पांडे* एवं *ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भरतपुर के उपाध्यक्ष संतोष नामदेव* विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मतदाताओं के संवैधानिक अधिकारों के लिए अंतिम स्तर तक लड़ेगी। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से अपने-अपने बूथ की मतदाता सूची का गहन परीक्षण करने का आह्वान किया। उपस्थित रहे। अंत में मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया व इसको लेकर बूथ स्तर तक सतत निगरानी और घर-घर संपर्क करने की रणनीति तय की गई।

— Pramod Kumar Tiwari

अपराध

तीफ़रा काली मंदिर के पास तेज गति वाले स्कार्पियो की टक्कर में तीन घायल



तीफ़रा काली मंदिर के पास एक तेज गति से चलती स्कार्पियो ने स्कूटी और ई-रिक्शा से टकरा कर गंभीर दुर्घटना घटी। टक्कर के समय दोनों वाहन एक ही लेन में चल रहे थे, जिससे तीन व्यक्तियों को चोटें आईं।

घायल लोगों को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जांच में बताया गया कि टक्कर का मुख्य कारण तेज गति और संभवतः लापरवाही थी। घायल व्यक्तियों की स्थिति स्थिर है और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।

पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर जांच शुरू कर ली है और सभी पक्षों से बयानों की मांग की है। दुर्घटना के कारणों की पूरी तरह से जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने इस घटना को लेकर सड़क सुरक्षा के महत्व पर पुनः बल दिया है और सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि वे गति सीमा का पालन करें तथा ट्रैफ़िक नियमों का उल्लंघन न करें।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

धर्म

छठ महापर्व के अवसर पर बिलासपुर के अरपा घाट में सूर्य अर्घ्य अर्पण



छठ महापर्व के पावन अवसर पर आज बिलासपुर के अरपा घाट में उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने सुबह-सुबह घाट पर एकत्र होकर सूर्य को अर्घ्य दिया और पारम्परिक गीत गाए।

स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा एवं व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए विशेष उपाय किए। पुलिस और स्थानीय स्वयंसेवकों ने भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन सहायता के लिए तत्परता दिखाई।

घाट पर उपस्थित लोग इस पावन अनुष्ठान को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न कर रहे थे, जिससे छठ पूजा का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व स्पष्ट हुआ।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

चाकू लहराते दो आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के चांपा शहर में पुलिस ने दो आरोपियों को चाकू लहराते हुए पकड़ा और गिरफ्तार किया।

ने तुरंत कार्रवाई की, आरोपियों को स्थान पर ही रोककर उनकी पहचान स्थापित की।

पुलिस ने कहा कि इस प्रकार की हिंसक हरकतों को कड़ी सजा दी जाएगी और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता बढ़ाई जाएगी।

— Santosh Kumar Peswani

स्थानीय

बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में लोरमी नगर पालिका के अध्यक्ष सुजीत वर्मा की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी



कल अपोलो अस्पताल, बिलासपुर में लोरमी नगर पालिका के अध्यक्ष श्री सुजीत वर्मा जी से मुलाकात हुई। रिपोर्टर ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

मुलाकात के दौरान रिपोर्टर ने वर्मा जी की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में पूछताछ की और उन्होंने अपनी वर्तमान स्थिति के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

यह मुलाकात स्थानीय प्रशासन की पारदर्शिता और जनता को सूचित रखने के उद्देश्य को दर्शाती है।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

बिलासपुर: डॉक्टर सुप्ता मसीह को नाबालिक बच्ची के गर्भपात और भ्रूण नष्ट करने के आरोप में गिरफ्तार



डॉक्टर सुप्ता मसीह को नाबालिक बच्ची का गर्भपात कराने और भ्रूण को अरपा नदी में नष्ट करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया।

अधिकारी बताते हैं कि आरोपित डॉक्टर ने नाबालिक बच्ची के गर्भपात के बाद उसका भ्रूण अरपा नदी में फेंक दिया।

वर्तमान में डॉक्टर को न्यायिक प्रक्रिया के तहत हिरासत में रखा गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

दुर्ग में कलेक्टर के नाम से फर्जी सरकारी आदेश बनाकर एआई का दुरुपयोग, आरोपी ने साइकिल छुड़ाने के लिए फर्जी आदेश लिए



दुर्ग में एक आरोपी ने एआई तकनीक का दुरुपयोग कर कलेक्टर के नाम से फर्जी सरकारी आदेश तैयार करके मामला सामने आया।

आरोपी ने आबकारी विभाग में जब्त की गई साइकिल को छुड़ाने के लिए फर्जी आदेश लेकर पहुँच कर अधिकारियों को धोखा देने का प्रयास किया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एआई द्वारा तैयार दस्तावेजों की जाँच कर रही है। दुरुपयोग करके फर्जी दस्तावेज बनाना एक गंभीर अपराध है, और अधिकारियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

अधिकारियों ने जनता को चेतावनी दी है कि किसी भी अनधिकृत दस्तावेज को स्वीकार न करें और शंकास्पद मामलों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

— Santosh Kumar Peswani, दुर्ग

धर्म

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बलरामपुर के सिंदूर नदी छठ घाट पर छठव्रती मतों से आशीर्वाद लिया



मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बलरामपुर के सिंदूर नदी छठ घाट पर पहुंचकर छठव्रती मतों से आशीर्वाद लिया।

वहां उपस्थित भक्तों ने अपने छठ व्रत की पूर्ति के दौरान मंत्री को अभिवादन किया और धार्मिक अनुष्ठानों में भागीदारी की।

इस यात्रा से प्रदेश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति सरकार की समर्थन भावना स्पष्ट हुई।

— Vijay singh

सरकारी योजना

अहिवारा सेवा सहकारी समिति में गूंजा किसानों का उत्साह, धान खरीदी की हुई शुरुआत।



अहिवारा। अन्नदाताओं के सम्मान और समृद्धि के प्रतीक धान खरीदी पर्व का आज शुभारंभ सेवा सहकारी समिति मर्यादित, अहिवारा में किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुरू की गई धान खरीदी को लेकर किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। यह अवसर किसानों की मेहनत, लगन और उनके परिश्रम के सम्मान का प्रतीक है।

धान खरीदी की शुरुआत से किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिलने की उम्मीद है। शासन की इस व्यवस्था से किसानों के चेहरे पर खुशी और उत्साह नजर आ रहा है।

अन्नदाता खुशहाल होगा, तभी छत्तीसगढ़ खुशहाल होगा

— ADITYA YADAV

खेल

राजनांदगांव ने 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी चैम्पियनशिप में खिताब जीता



गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के फिजिकल कॉलेज मैदान, पेंड्रा में 13 से 15 नवंबर 2026 तक तीन दिवसीय 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी चैम्पियनशिप का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। प्रदेश के 26 जिलों की 364 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा और टीम भावना का परिचय दिया। ने बिलासपुर को हराकर खिताब अपने नाम किया, जबकि मेजबान गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही ने तीसरा और रायपुर ने चौथा स्थान प्राप्त किया।


समापन समारोह में कलेक्टर श्री विजय दयाराम ने सभी खिलाड़ियों और आयोजकों को संबोधित कर कहा कि खेल केवल जीत-हार नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की शिक्षा देता है। उन्होंने जिला कबड्डी संघ, आयोजन समिति तथा सहयोगी अधिकारियों की सराहना की और विजेता-उपविजेता टीमों को बधाई दी। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष श्री राकेश जालान और नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष श्री मुकेश दुबे ने भी खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

विजेता राजनांदगांव को समाजसेवी श्री पवन सुल्तानिया द्वारा दस हजार रुपये की पुरस्कार राशि और उपविजेता बिलासपुर को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष द्वारा सात हजार पाँच सौ रुपये प्रदान किए गए। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस सफल आयोजन से जिले में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला और स्थानीय खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा का मूल्यवान अनुभव प्राप्त हुआ।

— देवान सिंह मराबी

धर्म

छठी मैया के जयकारे से गूँजता अरपा तट, तोरवा छठ घाट पर भक्तों की उमड़



रविवार की शाम, साफ मौसम में, बिलासपुर के अरपा नदी के तट पर तोरवा छठ घाट पर दीपों की चमक और सूर्यास्त की लालिमा के बीच हजारों व्रतियों ने छठी मैया के जयकारे गाए।

चार दिवसीय छठ महापर्व के तीसरे दिन सुबह से ही श्रद्धालु घाट पर पहुँचना शुरू कर चुके थे, दोपहर बाद घाट पर चहल-पहल बढ़ी। महिलाएँ पारम्परिक परिधान में, सिर पर दउरा और हाथ में पूजन सामग्री लेकर, फलों, नारियल, गन्ना, ठेकुआ और दीपों से सजे सूप लेकर आईं।

सूर्यास्त के समय व्रती अरपा के जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। साफ आसमान ने सूर्य दर्शन में कोई बाधा नहीं दी, जबकि पिछले वर्ष बारिश के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी हुई थी; इस बार संध्या अर्घ्य सहज रहा।

पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच, भोजपुरी समाज और सहजानंद समाज के संयुक्त सहयोग से आयोजित यह महापर्व 26 वर्षों की परम्परा को आगे बढ़ा रहा है।

— शत्रुघन चौधरी, बिलासपुर